शब्दबाणों का प्रहार

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार

# राष्ट्रबाण

सिवनी

संपादक : संजय बघेल

गुरुवार 2 अप्रैल 2026 | E-PAPER: www.rashtrabaan.in ● वर्ष : 10 ● अंक : 331 ● पृष्ठ : 06 ● मूल्य : 5.00 रुपए | www.facebook.com/rashtrabaan | www.twitter.com/rashtrabaan


@ PG 2

## न्यूज ब्रीफ

### लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ बने नए उप सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने बुधवार को भारतीय सेना के उप सेना प्रमुख का पद संभाल लिया। इससे पहले ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वे साउदर्न कमांड के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ थे। उन्होंने एक दिन पहले ही इस पद से कार्यभार छोड़ा था। दिल्ली के साउथ ब्लॉक लॉन में आयोजित समारोह में उन्होंने आधिकारिक रूप से जिम्मेदारी संभाली। इससे पहले उन्होंने साउदर्न कमांड वॉर मेमोरियल पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी।

### तेलंगाना के जगतियाल के अंजनेय स्वामी मंदिर में पंडाल गिरने से 5 घायल

**जगतियाल।** तेलंगाना के जगतियाल जिले में कोंडगट्टू अंजनेय स्वामी मंदिर में बुधवार को पंडाल गिरने से 5 श्रद्धालु घायल हो गए। घटना हनुमान चित्रा जयंती की है। मंदिर परिसर में बांस की चटाइयों से बनाया गया अस्थायी शेड तेज हवा के झोंके के कारण अचानक ढह गया। पुलिस के मुताबिक, सभी को हल्की चोटें आई हैं। घायलों को तुरंत पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

### दिल्ली मेयर दफ्तर को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेयर के दफ्तर को बम से उड़ाने की धमकी मिली। बुधवार सुबह मेयर राजा इकबाल सिंह के आधिकारिक ईमेल आईडी पर एक मेल भेजा गया, जिसमें लिखा था कि 2:11 बजे मेयर ऑफिस में बम ब्लास्ट होगा। धमकी मिलने के बाद कमला मार्केट इलाके में सिविक सेंटर बिल्डिंग को तुरंत खाली करा लिया गया और पूरी बिल्डिंग में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। बम डिटेक्शन टीम, बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड की मदद से पूरे इलाके की तलाशी ली गई।

### शराब नीति मामले में हाई कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को नोटिस दिया,

**नई दिल्ली।** आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बार-बार समन जारी होने के बावजूद भी पूछताछ में शामिल नहीं होने के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बरी करने के ट्रायल कोर्ट के निर्णय के खिलाफ ईडी की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने जवाब मांगा है।

**राष्ट्रबाण**

अगर आपको नहीं मिल रहा है आपका लोकप्रिय अखबार राष्ट्रबाण तो आज ही अपने हॉकर से बोलिए या हमे कॉल कीजिए

**सिर्फ 100 रुपए महीना**

**संपर्क : 7000427433**

# चंडीगढ़ बीजेपी दफ्तर के बाहर ब्लास्ट, कर्मचारी की स्कूटी में प्लांट किया विस्फोटक

## ऑफिस खाली कराया, पूरा इलाका सील



राष्ट्रबाण | चंडीगढ़ | एजेंसी | rashtrabaan.in

चंडीगढ़ में पंजाब बीजेपी के दफ्तर के बाहर ब्लास्ट हुआ है। इसके बाद पुलिस ने पूरे इलाके को सील कर जांच शुरू की। मौके पर चंडीगढ़ पुलिस की कई टीमें पहुंची हैं। बीजेपी दफ्तर को भी खाली करा दिया गया है। वहीं, ऑफिस में ही काम करने वाले हर्ष नाम के कर्मचारी ने बताया है कि उसकी ही स्कूटी में ब्लास्ट हुआ है। उसने सुबह यहां स्कूटी खड़ी की थी। हालांकि, उसने यह भी कहा कि उसे यह नहीं पता कि इसमें ब्लास्ट कैसे हुआ? चंडीगढ़ की एसएसपी कंवरदीप कौर ने बताया है कि पंजाब प्रदेश बीजेपी दफ्तर के बाहर शाम करीब 5 बजे धमाका हुआ है। एक एक्टिवा दिखाई दे रही है। धमाके के बाद पार्टी दफ्तर की दीवार पर करीब 70 से 80 छर्रे लगे जैसे निशान हैं। उन्होंने बताया कि पास में खड़ी एक गाड़ी का शीशा भी टूटा हुआ है। मामले की पूरी जांच की जा रही है। पूरे इलाके को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। यह घटना उस समय हुई, जब पूरे शहर में पुलिस की तरफ से स्पेशल नाके लगाए जा रहे हैं। इससे पुलिस की चेकिंग पर भी सवाल उठ रहे हैं। मौके पर पुलिस के सारे सीनियर अधिकार पहुंचे हैं। इस मौके पर बीजेपी के सीनियर नेता व प्रवक्ता विनीत जोशी ने बताया कि यह चिंता का विषय है। जोर की आवाज आई। दीवारों पर काफी सारे निशान हैं। लोग कहते हैं कि ये छर्रे हैं। पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची हैं। लो मैग्नीच्यूट का धमाका था, हालांकि कोई नुकसान नहीं हुआ है। जिस समय ब्लास्ट हुआ है, उस समय वहां एक संदिग्ध स्कूटी खड़ी देखी गई। यह स्कूटी बीजेपी ऑफिस के कॉल सेंटर में काम करने वाले एक युवक हर्ष की है।

### ● आज बीजेपी मजबूत, इसलिए निशाना बना रहेः जोशी

भाजपा नेता चेतन जोशी ने कहा कि भाजपा के ऑफिस को निशाना बनाने के पीछे एक ही वजह है। पिछले कई दिनों से भाजपा मजबूत हुई है। आज ही बड़े सीनियर नेता फूलका ने जॉइन पार्टी की है। सारी चीजें कुछ ही समय में साफ हो जाएंगी।

### ● चंडीगढ़ की प्राइम लोकेशन पर ब्लास्ट

यह घटना उस जगह पर हुई है, जो चंडीगढ़ में काफी प्राइम लोकेशन है। यहां कई महत्वपूर्ण स्थान और पेट्रोल पंप हैं। डॉ. अंबेडकर भवन, पंजाब और हरियाणा का बार काउंसिल दफ्तर, लॉ भवन और बत्रा थियेटर की इमारत भी यहीं है।

# दो जहाज 94000 टन एलपीजी लेकर भारत पहुंचे

## ईरान बोला- अमेरिका के लिए होर्मुज नहीं खुलेगा, 47 साल की मेहमाननवाजी खत्म

राष्ट्रबाण | तेल अवीव | एजेंसी | rashtrabaan.in

मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। यूएई से एलपीजी (रसोई गैस) लेकर आए दो टैंकर होर्मुज स्ट्रेट पार करके सुरक्षित रूप से भारत पहुंच गए हैं। पहला टैंकर बीडब्ल्यू टीवायआर 31 मार्च को मुंबई पहुंचा। यह जहाज यूएई के रास अल खैमाह से चला था और करीब 6 दिन में भारत पहुंचा। दूसरा टैंकर बीडब्ल्यू ईएमएम 1 अप्रैल को न्यू मैंगलोर के पास पहुंचा। इन दोनों जहाजों में करीब 94,000 टन एलपीजी और 50 से ज्यादा भारतीय नाविक भी मौजूद थे। सरकार के मुताबिक, अब तक 8 भारतीय जहाज सुरक्षित रूप से होर्मुज स्ट्रेट पार कर चुके हैं। वहीं, ईरान की संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट खुला रहेगा, लेकिन अमेरिका के लिए नहीं। अब 47 साल की मेहमाननवाजी खत्म हो चुकी है। अजीजी ने कहा कि यह रास्ता सिर्फ उन देशों के लिए खुला रहेगा, जो ईरान के बनाए नए नियमों का पालन करेंगे।



### ईरान में सरकार-सेना के बीच तकरार, दावा- सुप्रीम लीडर से नहीं मिल पा रहे राष्ट्रपति

ईरान में सरकार और धार्मिक सेना के बीच टकराव बढ़ने की खबर है। तेहरान टाइम्स रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान की ताकतवर सेना जैसी संस्था इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स और राष्ट्रपति मसूद पजशकियान के बीच सत्ता को लेकर खींचतान चल रही है। जानकारी के मुताबिक आरआरजीसी ने देश का कंट्रोल अब अपने हाथ में ले लिया है। दावा यह भी है कि राष्ट्रपति पजशकियान की मुलाकात सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई से नहीं हो पा रही है। दरअसल इस हफ्ते की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान को लेकर एक बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष को खत्म करने के लिए बातचीत जारी है। ट्रम्प के मुताबिक, उनकी टीम कुछ 'समझदार' ईरानी नेताओं के संपर्क में है और बातचीत के जरिए हालात को शांत करने की कोशिश की जा रही है।

### होर्मुज के रास्ते 94,000 टन एलपीजी लेकर 2 जहाज भारत पहुंचे

मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। यूएई से एलपीजी (रसोई गैस) लेकर आए दो टैंकर होर्मुज स्ट्रेट पार करके सुरक्षित रूप से भारत पहुंच गए हैं। पहला टैंकर बीडब्ल्यू टीवायआर 31 मार्च को मुंबई पहुंचा। यह जहाज यूएई के रास अल खैमाह से चला था और करीब 6 दिन में भारत पहुंचा। इसमें भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के लिए गैस लाई गई है। दूसरा टैंकर बीडब्ल्यू ईएलएम 1 अप्रैल को न्यू मैंगलोर के पास पहुंचा। यह जहाज हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के लिए एलपीजी लेकर आया है। इन दोनों जहाजों में कुल मिलाकर लगभग 94,000 टन एलपीजी भारत पहुंची है। दोनों जहाजों पर 50 से ज्यादा भारतीय नाविक भी मौजूद थे।

### होर्मुज संकट पर ब्रिटेन की मेजबानी में 35 देशों की इमरजेंसी बैठक

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने घोषणा की है कि इस सप्ताह उनका देश 35 देशों की एक अहम बैठक की मेजबानी करेगा। इस बैठक का मकसद होर्मुज को फिर से खोलने पर चर्चा करना है। इस बैठक में दुनिया के कई बड़े देश शामिल होंगे और इसका मकसद इस बेहद महत्वपूर्ण समुद्री रास्ते की सुरक्षा और भविष्य को लेकर समाधान निकालना है। कतर जैसे देश ने भी इस मुद्दे पर चर्चा में दिलचस्पी दिखाई है। भारत की इस बैठक में भागीदारी अभी तय नहीं हुई है, लेकिन संभावना जताई जा रही है कि भारत इसमें शामिल हो सकता है। इसकी वजह यह है कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए इस क्षेत्र पर काफी निर्भर है और यहां बड़ी संख्या में भारतीय भी रहते हैं। इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने कहा है कि यह जरूरी नहीं है कि यह इजराइल का आखिरी युद्ध हो। उन्होंने कहा कि दुश्मन अभी भी हमला कर सकते हैं, इसलिए भविष्य में भी खतरा बना रहेगा।

# ईरान में सरकार-सेना के बीच टकराव बढ़ा

## रिपोर्ट में दावा- मुजतबा खामेनेई से नहीं मिल पा रहे राष्ट्रपति, कंट्रोल आईआरजीसी के हाथ में

राष्ट्रबाण | तेल अवीव | एजेंसी | rashtrabaan.in

ईरान में सरकार और धार्मिक सेना के बीच टकराव बढ़ने की खबर है। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान की ताकतवर सेना जैसी संस्था इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स और राष्ट्रपति मसूद पजशकियान के बीच सत्ता को लेकर खींचतान चल रही है। अखबार के मुताबिक आईआरजीसी ने देश का कंट्रोल अब अपने हाथ में ले लिया है। दावा यह भी है कि राष्ट्रपति पजशकियान की मुलाकात सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई से नहीं हो पा रही है। दरअसल इस हफ्ते की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान को लेकर एक बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष को खत्म करने के लिए बातचीत जारी है। ट्रम्प के मुताबिक, उनकी टीम कुछ 'समझदार' ईरानी नेताओं के संपर्क में है और बातचीत के जरिए हालात को शांत करने की कोशिश की जा रही है। हालांकि, ईरान ने ट्रम्प के इस दावे को तुरंत खारिज कर दिया। ईरानी अधिकारियों ने साफ कहा कि किसी भी तरह की सीधी बातचीत नहीं चल रही है। ट्रम्प का दावा खारिज होने के बाद यह सवाल उठने लगा कि आखिर ईरान में असली कंट्रोल किसके पास है।

### राष्ट्रपति के फैसलों में दखल दे रही आईआरजीसी

रिपोर्ट के मुताबिक पजशकियान कोई बड़ा फैसला नहीं ले पा रहे हैं। आईआरजीसी जिसका काम अमेरिका के हमलों का जवाब देना था, अब सरकार की अहम फैसले भी ले रहा है। अखबार ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि पजशकियान ने 26 मार्च को नया खुफिया मंत्री नियुक्त करने की कोशिश की थी। वे हुसैन देहगान को यह पद देना चाहते थे, लेकिन आईआरजीसी चीफ अहमद वहीदी ने इसे रोक दिया। वहीदी ने यह पद तब संभाला था, जब युद्ध की शुरुआत में पिछले कमांडर मोहम्मद पाकपुर मारे गए थे।

# टेक कंपनी ओरेकल ने 30 हजार कर्मचारी निकाले

## इनमें 12 हजार भारतीय; सुबह मेल कर लिखा- आज लास्ट वर्किंग डे

राष्ट्रबाण | गुवाहाटी | एजेंसी | rashtrabaan.in

दुनिया के छठे सबसे अमीर कारोबारी लैरी एलिसन की टेक कंपनी ओरेकल ने करीब 30 हजार कर्मचारियों को निकाल दिया है। इनमें भारत के 12 हजार कर्मचारी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी अगले महीने छंटनी का दूसरा दौर भी शुरू कर सकती है। कर्मचारियों को सोमवाह सुबह 6 बजे इनबॉक्स में टर्मिनेशन लेटर मिले। इसमें लिखा था कि आज उनका लास्ट वर्किंग डे है। कुछ ही मिनटों में उनका सिस्टम एक्सेस बंद कर दिया गया। कंपनी ने अभी तक छंटनी की वजह नहीं बताई है।




**इंडिया टुडे के मुताबिक ओरेकल ने 30 हजार कर्मचारियों को मेल में लिखा**

हम आपको आपके पद से जुड़ी एक जरूरी और कठिन जानकारी देना चाहते हैं। कंपनी की वर्तमान जरूरतों को ध्यान में रखते हुए हमने संगठन में बड़े बदलाव के तहत आपका पद खत्म करने का फैसला किया है। इसलिए आज आपका आखिरी कार्य दिवस है। हम आपके योगदान, मेहनत और काम के लिए धन्यवाद देते हैं। टर्मिनेशन से जुड़े दस्तावेज साइन करने के बाद आप सेवरेंस पैकेज (नौकरी खत्म होने पर मिलने वाला भुगतान) पाने के पात्र होंगे, जो कंपनी की शर्तों के अनुसार होगा। इसके बारे में आपको आपके ओरेकल ईमेल पर डॉक्यूसाईन के जरिए जानकारी मिलेगी। आगे की जरूरी जानकारी, स्वक्तऔर दस्तावेज पाने के लिए आपको अपना पर्सनल ईमेल एड्रेस देना होगा। कृपया तुरंत अपना पर्सनल ईमेल सबमिट करें। अगर कोई गलती हो जाए तो नया फॉर्म भर सकते हैं। यह ईमेल केवल सेपरेशन और सेवरेंस से जुड़ी जानकारी के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।

# 218 तक महंगा हुआ कॉमर्शियल सिलेंडर

**नई दिल्ली।** आज 1 अप्रैल है। नए वित्त वर्ष की शुरुआत कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के महंगे होने से हुई है। सरकारी तेल कंपनियों ने इसके दाम 218 रुपए तक बढ़ा दिए हैं। इसके अलावा अब रेल टिकट 8 घंटे पहले तक ही कैंसिल कर पाएंगे। आज से फास्टैग, टोल टैक्स के साथ इनकम टैक्स से जुड़े नियम मिलाकर कुल 15 बदलाव हो रहे हैं। तेल कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 218 तक महंगा कर दिया है। चेन्नई में ये सबसे महंगा 2246.50 रुपए में मिलेगा। दिल्ली में इसकी कीमत 2078.50 हो गई है। कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ने से रेस्टोरेंट मालिकों का खर्च बढ़ेगा। ऐसे में वें चाय, नाश्ते और थाली महंगी कर सकते हैं।

# कांग्रेस के राजकुमार की हार की सेंचुरी पक्की : मोदी

## ममता ने कहा- भाजपा हमारा पैसा लूट रही और झूठ बोल रही

राष्ट्रबाण | गुवाहाटी | एजेंसी | rashtrabaan.in

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि इस बार असम में बीजेपी-एनडीए की हैट्रिक लगनी तय है। उन्होंने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि कांग्रेस के सो कॉल्ड राजकुमार की पराजय की सेंचुरी आने वाली है। पीएम धेमाजी के गोगामुख में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। वहीं, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने बीरभूम में जनसभा की। उन्होंने कहा- जब बंगाल आजादी की लड़ाई में हिस्सा ले रहा था, तब भाजपा का जन्म भी नहीं हुआ था। वे हमारा पैसा लूट रहे हैं और झूठ बोल रहे हैं। वे राम नवमी पर बंदूकें लेकर निकलते हैं। इधर, असम के डिब्रूगढ़ पहुंची कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा- असम में डबल गुलामी वाली सरकार है, एक भ्रष्ट सरकार है। हम देख सकत हैं कि कैसे सब कुछ धमकियों के जरिए किया जा रहा है। यहां माफिया राज और सिंडिकेट राज है।



### ममता का हेलिकॉप्टर तूफान के कारण नबाग्राम में नहीं उतर सका

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का हेलिकॉप्टर बुधवार को मुर्शिदाबाद के नबाग्राम में खराब मौसम के कारण लैंड नहीं कर सका। अचानक आए तूफान और तेज हवाओं के चलते हेलिकॉप्टर को वापस बुरवान लौटना पड़ा। अधिकारियों के मुताबिक दोपहर करीब 2.10 बजे इलाके में मौसम खराब हो गया, जिससे लैंडिंग संभव नहीं हो पाई। इसके बाद ममता बुरवान से सड़क मार्ग के जरिए नबाग्राम के लिए रवाना हुईं, जहां उन्हें चुनावी सभा को संबोधित करना था।

## लोकसभा में विदेशी अंशदान संशोधन विधेयक पर हंगामा, एफसीआरए बिल वापस लो के नारे लगे

# अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने वाला बिल पास

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in

लोकसभा ने बुधवार को आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) बिल, 2026 को पास कर दिया है। इस बिल के जरिए अमरावती को रज्य की एकमात्र और स्थायी राजधानी का कानूनी दर्जा मिलेगा। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने यह बिल पेश किया था। इस पर एक घंटे से ज्यादा बहस हुई, जिसके बाद इसे वॉयस वोट से मंजूरी दे दी गई। इससे पहले बुधवार को कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने विदेशी अंशदान संशोधन बिल को लेकर हंगामा किया। उन्होंने स्नष्टक्र बिल वापस लो के नारे लगाए। स्पीकर ओम बिरला ने सांसदों से शांत रहने की अपील की, लेकिन विपक्षी सदस्य अपनी सीटों पर खड़े होकर विरोध करते रहे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि आज एफसीआरए बिल पर लोकसभा में बहस नहीं होगी। यह बिल विदेशी अंशदान (विनियमन) कानून में संशोधन से जुड़ा है, जिसे 25 मार्च को लोकसभा में पेश किया गया था।



### सरकार बोली- चक्रवात जोखिम कम करने पर 4,331 करोड़ खर्च, 8 राज्यों में प्रोजेक्ट पूरा

सरकार ने राज्यसभा में बताया कि 2011 से अब तक नेशनल साइक्लोन रिस्क मिटिगेशन प्रोजेक्ट के तहत कुल 4,331.68 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। यह प्रोजेक्ट तटीय राज्यों में चक्रवात के असर को कम करने के लिए शुरू किया गया था। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के मुताबिक, जनवरी 2011 में मंजूर पहले चरण में 2,524.84 करोड़ रुपए खर्च हुए, जबकि जुलाई 2015 में मंजूर दूसरे चरण में 1,806.84 करोड़ रुपए खर्च किए गए। यह प्रोजेक्ट दो चरणों में 8 तटीय राज्यों में लागू किया गया। पहला चरण आंध्र प्रदेश और ओडिशा में दिसंबर 2018 तक पूरा हुआ। दूसरे चरण में गोवा, गुजरात, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल शामिल थे, जिसे मार्च 2023 में पूरा कर लिया गया।

### राज्यसभा में ष्ट्रक्क्र बिल पास, विपक्ष ने किया वॉकआउट

राज्यसभा ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल सामान्य प्रशासन विधेयक, 2026 को ध्वनिमत से पास कर दिया। इस दौरान विपक्ष ने बिल को संसद की चयन समिति को भेजने की मांग करते हुए सदन से वॉकआउट किया। सरकार का कहना है कि यह बिल सीएपीएफ के सभी बलों के लिए एक समान नियम व्यवस्था बनाएगा, जिससे भर्ती प्रक्रिया बेहतर होगी और सील का मान्य बढ़ेगा। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि यह बिल देश के संघीय ढांचे को मजबूत करेगा और सेवाओं को अधिक व्यवस्थित बनाएगा। वहीं विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने इसे चयन समिति को भेजने की मांग की। मंत्री के जवाब से संतुष्ट होकर विपक्ष ने कर्मियों करते हुए सदन से वॉकआउट किया। सदन के नेता जेपी नड्डा ने विपक्ष पर संसदीय स्वयंसेवकों का सम्मान न करने का आरोप लगाया।

# ईरान युद्ध के बीच लॉकडाउन का फेक नोटिस वायरल

राष्ट्रबाण | नई दिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in

सोशल मीडिया पर एक अप्रैल को 'वॉर लॉकडाउन नोटिस' वायरल हुआ, जिससे लोगों में घबराहट फैल गई। अशोक चक्र और मंत्रालय जैसे प्रतीकों के साथ बनाया गया यह नोटिस पहली नजर में आधिकारिक लगा, लेकिन जब इसे खोला गया तो यह अप्रैल फूल का मजाक निकला। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने एक्स पर लॉकडाउन की अफवाहों को पूरी तरह निराधार बताया। उन्होंने कहा कि सरकार के स्तर पर किसी भी तरह के लॉकडाउन प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहें न फैलाने की अपील की। मंगलवार को वायरल हुए इस नोटिस का फॉर्मेट और भाषा बिल्कुल सरकारी आदेश जैसी रखी गई थी, जिससे कई लोगों ने इसे बिना सत्यापन आगे फॉरवर्ड कर दिया। हालांकि, दस्तावेज को खोलने पर सच्चाई सामने आई। उसमें अप्रैल फूल लिखा था और साथ में एक इमोजी दिया गया था। इससे साफ हो गया कि यह महज मजाक के तौर पर तैयार किया गया फर्जी नोटिस था।

राष्ट्रबाण
सिवनी, गुरुवार 2 अप्रैल 2026

शहडोल राष्ट्रबाण

• ब्यौहारी • जयसिंघनगर • सोहागपुर • गोहपारु • बुढ़ार • जैतपुर

# अवैध कोयला उत्खनन पर प्रशासन मौन, तीन तिकड़ी पर कार्रवाई की दरकार

## प्रशासन केवल देखता रहा, गश्त और जांच सिर्फ कागजों पर, जमीन पर जंग जारी, आखिर कब आएगा असली शिकंजा

राष्ट्रबाण शहडोल| संवाददाता rashtrabaan.in

बुढ़ार थाना क्षेत्र के हड़रहा घाट और चुनहा गढ़ी में अवैध कोयला उत्खनन का मामला लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। कई बार शिकायतें सामने आने और प्रशासनिक स्तर पर हलचल के बावजूद जमीनी हकीकत में कोई बड़ा बदलाव नहीं दिख रहा है। हालात ऐसे हैं कि स्थानीय लोग अब खुद को असुरक्षित और उपेक्षित महसूस करने लगे हैं।



### शिकायतों के बाद भी नहीं बदली स्थिति

क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर लगातार आवाज उठाई जा रही है लेकिन इसके बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं। शुरुआती कार्रवाई और जांच के बाद भी अवैध गतिविधियों पर स्थायी रोक नहीं लग पाई है, जिससे लोगों का भरोसा प्रशासन पर कमजोर होता जा रहा है।

### छोटे वाहनों से हो रहा परिवहन

सूत्रों की माने तो अवैध रूप से निकाले गए कोयले को बड़े ट्रकों की बजाय छोटे वाहनों से खपाया जा रहा है ताकि प्रशासन की नजर से बचा जा सके। यह तरीका लंबे समय से अपनाया जा रहा है, जिससे इस कारोबार को लगातार जारी रखने में आसानी हो रही है।

### स्थानीय नेटवर्क पर उठ रहे सवाल

क्षेत्र में सक्रिय कथित तीन तिकड़ी राजीव, रवि और भूरा को लेकर चर्चाएं तेज हैं। लोगों का कहना है कि इनके संरक्षण में ही अवैध उत्खनन का पूरा तंत्र चल रहा है। हालांकि जिम्मेदार विभागों की ओर से अब तक इन पर कोई स्पष्ट कार्रवाई नहीं होने से स्थिति और संदिग्ध बन गई है।

### जनजीवन पर पड़ रहा असर

अवैध खनन के कारण आसपास के गांवों में सामान्य जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है। धूल, प्रदूषण और रास्तों की खराब स्थिति से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही लगातार हो रही खुदाई से खेतों और प्राकृतिक संसाधनों पर भी असर पड़ रहा है।

### प्रभावी निगरानी का अभाव

लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में न तो नियमित निगरानी हो रही है और न ही जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। इससे अवैध कारोबार करने वालों के हौसले और बुलंद हो रहे हैं।

### कड़ी कार्रवाई की उठी मांग

ग्रामीणों और स्थानीय लोगों ने मीडिया के माध्यम से प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही अवैध खनन को पूरी तरह बंद कराने के लिए स्थायी उपाय किए जाएं। लोगों का साफ कहना है कि यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए तो उनका आक्रोश और बढ़ सकता है। अब यह मामला केवल अवैध खनन तक सीमित नहीं रहा बल्कि प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर रहा है।

**तिकड़ी पर कब गिरेगी गाज :** फिलहाल सभी की नजर इस बात पर टिकी है कि आखिर प्रशासन कब सक्रिय होकर कथित रूप से शामिल लोगों पर शिकंजा कसता है। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो यह मामला और गंभीर रूप ले सकता है।

# शासकीय विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ प्रवेशोत्सव सम्पन्न

## बच्चे देश का भविष्य, शिक्षा से ही संभव है राष्ट्र का उत्थान : कलेक्टर

राष्ट्रबाण शहडोल| संवाददाता rashtrabaan.in

जिला मुख्यालय के शासकीय रघुराज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्कूल चले हम अभियान के तहत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास, उत्साह और उमंग के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं और इनके योगदान से समाज और राष्ट्र का उत्थान संभव है। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे पूरी ईमानदारी, लगन और समर्पण के साथ बच्चों को शिक्षा दें। साथ ही अभिभावकों को प्रेरित किया कि वे शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाएँ।





### बच्चों को शिक्षित करना हम सबका नैतिक दायित्व

सदस्य जिला योजना समिति श्रीमती अमिता चपरा ने बताया कि विद्यार्थियों को नि:शुल्क साइकल, पाठ्य सामग्री, छात्रवृत्ति और गणवेश जैसी सुविधाएँ दी जा रही हैं। विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को स्कूटी और 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप भी प्रदान किए जा रहे हैं।

### स्वागत और पुरस्कार किया गया वितरण

जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती फूलवती सिंह और नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक, पुष्पवर्षा और फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। कक्षा 9वीं में प्रवेश करने वाले बच्चों को साइकल वितरित किए गए, जबकि उच्चतम अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### इनकी रही उपस्थिति

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती अमृता गर्ग, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हीरावती कोल, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण उमेश कुमार धुर्वे, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिंहा, डीपीसी अमरनाथ सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी आरके मंगलानी, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री विवेक पाण्डेय ने किया।

# डिजिटल सट्टे का मास्टरमाइंड बना सच्चा, मोबाइल के जरिए फैला रहा अंकों का खेल

## मोबाइल के सहारे लाखों की चल रही बाज़ी, कानूनी कार्रवाई को दे रहा चुनौती

राष्ट्रबाण शहडोल| संवाददाता rashtrabaan.in

जिले के कोतवाली व सोहागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध सट्टा कारोबार ने अब पूरी तरह डिजिटल रूप ले लिया है और इस बदलते दौर में सच्चा नाम का शख्स चर्चा के केंद्र में आ गया है। कभी पारंपरिक तरीकों से संचालित होने वाला यह खेल अब मोबाइल, मैसेजिंग ऐप और ऑनलाइन लेन-देन के जरिए तेजी से फैल रहा है, जिसमें सच्चा की कथित भूमिका अहम बताई जा रही है। जानकरों की माने तो सच्चा ने समय के साथ खुद को तकनीकी रूप से अपडेट करते हुए सट्टे के इस नेटवर्क को नए अंदाज में खड़ा कर लिया है। अब दांव लगाने से लेकर भुगतान तक की पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यमों से की जा रही है, जिससे यह अवैध कारोबार पहले से अधिक संगठित और पकड़ से दूर होता जा रहा है।



### खाईबाज की तकनीकी पकड़

बताया जाता है कि सच्चा अपने नेटवर्क के जरिए लोगों तक आसानी से पहुंच बना लेता है। मोबाइल फोन पर अंक भेजकर दांव लगाया जाता है और परिणाम के बाद ऑनलाइन माध्यम से लेन-देन किया जाता है। इस तरीके ने खासकर युवाओं को तेजी से अपनी ओर आकर्षित किया है, जो कम समय में ज्यादा कमाई के लालच में इसमें फंसते जा रहे हैं।इनदिनों चर्चा है कि सच्चा की तकनीकी समझ और नेटवर्किंग क्षमता ने इस अवैध कारोबार को नई दिशा दी है। हालांकि लोग यह भी मानते हैं कि अगर यही कौशल किसी वैध क्षेत्र में लगाया जाए, तो वह समाज के लिए एक सकारात्मक उदाहरण बन सकता है।

### कार्रवाई की मांग हुई तेज

स्थानीय नागरिकों में इस बढ़ते डिजिटल सट्टे को लेकर चिंता भी बढ़ रही है। उनका कहना है कि इस तरह की गतिविधियां युवाओं के भविष्य को प्रभावित कर रही हैं और परिवारों में आर्थिक व सामाजिक समस्याएं पैदा कर रही हैं। लोगों ने मीडिया के माध्यम से पुलिस से मांग की है कि सच्चा और उसके नेटवर्क की गहन जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि इस अवैध कारोबार पर लगाम लगाई जा सके और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनी रहे।

# खुले कुएं में तेंदुए का शव मिलने से इलाके में सनसनी



राष्ट्रबाण शहडोल| संवाददाता rashtrabaan.in

गोहपारू वन परिक्षेत्र के पटोरी सर्किल के बीट सकारिया में किसान राम सिंह के खेत में एक खुले कुएं में तेंदुए का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मंगलवार को वन विभाग को तब लगी, जब कुएं के आसपास तेज बदबू आने पर गश्ती दल ने निरीक्षण किया। पानी में तैरता शव देखकर वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर शव को बाहर निकाला। बताया गया है कि कुएं में कोई सुरक्षा दीवार या बाउंड्री नहीं थी। प्रारंभिक अनुमान है कि तेंदुआ पानी पीने या ठंडक के लिए कुएं के पास गया और असंतुलित होकर गिर गया। खेत में फिलहाल कोई फसल नहीं होने के कारण लोग कम आते-जाते हैं, जिससे कई दिनों तक शव की पहचान नहीं हो सकी। रेंजर हेमंत प्रजापति ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवा दिया गया है और प्रथम दृष्ट्या मौत कुएं में गिरने से हुई प्रतीत हो रही है। मौके पर पगमार्क भी मिले हैं, जो यह पुष्टि करते हैं कि तेंदुआ स्वयं कुएं में गिरा। वन विभाग ने कहा है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए खुले कुएं के आसपास सुरक्षा की व्यवस्था पर ध्यान दिया जाएगा।

# स्कूल चलें हम अभियान के तहत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**शहडोल।** प्रदेश में नवीन शिक्षण सत्र 2026-27 के शुभारंभ के अवसर पर स्कूल शिक्षा विभाग ने ÷स्कूल चलें हम÷ अभियान का आयोजन किया है। यह अभियान 1 से 4 अप्रैल तक चलेगा और प्रदेश के करीब 92 हजार सरकारी स्कूलों में प्रतिदिन विभिन्न शाला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश में इस समय लगभग 85 लाख बच्चे अध्ययनरत हैं। अभियान के तहत 2 अप्रैल को स्कूलों में पालकों के साथ सांस्कृतिक और खेल-कूद गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य बच्चों के साथ पालकों को भी विद्यालय से जोड़ना है। इस अवसर पर शैक्षणिक स्टाफ पालकों को राज्य सरकार की स्कूल शिक्षा से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देंगे। पिछले सत्र में जिन विद्यार्थियों की 85 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति रही है, उनके पालकों को सम्मानित किया जाएगा। इसी दिन हार के आगे जीत कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा।

# कल्याणपुर में धूमधाम से मनाई जाएगी हनुमान जयंती

## धार्मिक आयोजन में शामिल होंगे श्रद्धालु, शोभायात्रा से होगा क्षेत्र भक्तिमय

राष्ट्रबाण शहडोल| संवाददाता rashtrabaan.in

हनुमान मंदिर प्रांगण कल्याणपुर में आज हनुमान जयंती के अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तिमय माहौल रहेगा और श्रद्धालु विशेष पूजा-अर्चना में भाग लेकर भगवान हनुमान की कृपा प्राप्त करेंगे।

### सुबह पूजा-अर्चना और भंडारे का आयोजन

पंडित गोलू महाराज ने बताया कि हनुमान जयंती के दिन सुबह मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाएगा। पूजा के बाद भगवान हनुमान जी का श्रृंगार किया जाएगा और भंडारे के माध्यम से प्रसाद का वितरण किया जाएगा। भक्तजन इस अवसर पर मंदिर में पहुंचकर श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान हनुमान का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।



### भव्य शोभायात्रा से क्षेत्र होगा भक्तिमय

पूजा और प्रसाद वितरण के पश्चात मंदिर से शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। यात्रा का मार्ग हनुमान मंदिर से शुरू होकर राम मंदिर पुरानी बस्ती तक जाएगा, जहां शोभायात्रा का समापन होगा। शोभायात्रा में भक्तजन झांकियों, भक्ति संगीत, और पारंपरिक वेशभूषा के साथ शामिल होंगे। मंदिर समिति ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा है ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

### भक्तिमय और सांस्कृतिक आयोजन

इस अवसर पर केवल धार्मिक उत्सव ही नहीं मनाया जाएगा बल्कि समाज में एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को भी मजबूती प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर हनुमान जयंती के इस भव्य उत्सव में भाग लें और भगवान हनुमान की भक्ति में संलग्न हों। हनुमान जयंती के इस आयोजन के माध्यम से कल्याणपुर क्षेत्र व घरौला महोल्ला स्थित हनुमान मंदिर में भी धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक उत्साह का संचार होगा, साथ ही श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय अनुभव बनेगा।

# करकी में प्रस्फुटन समिति ने प्याऊ का शुभारंभ

## राहगीरों को मिलेगा शीतल जल



राष्ट्रबाण शहडोल| संवाददाता rashtrabaan.in

ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति करकी ने जनसेवा के उद्देश्य से 31 मार्च 2026 को ग्राम में प्याऊ का शुभारंभ किया। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए स्थापित इस प्याऊ के माध्यम से राहगीरों और ग्रामीणों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे गर्मी के मौसम में उन्हें राहत मिलेगी। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक ऋत्विक दास मिश्रा स्वामी विवेकानन्द सेवा समिति बांसा सेक्टर 05 टिहकी के अध्यक्ष राजेश द्विवेदी, पूर्व मंडल महामंत्री भाजपा मंडल करकी विवेकानंद तिवारी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति करकी के अध्यक्ष ओमप्रकाश शुक्ला, सचिव एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भी कार्यक्रम में शामिल हुए। समिति ने इस पहल को जनसेवा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए भविष्य में ऐसे सामाजिक कार्य निरंतर करने का संकल्प व्यक्त किया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि गर्मी के दिनों में यह प्याऊ क्षेत्र के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगा।

## दिव्यांग को ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराकर जीवन आसान बनाया

# कलेक्टर की संवेदनशीलता ने दिव्यांग व्यक्ति को दी नई उम्मीद

राष्ट्रबाण शहडोल| संवाददाता rashtrabaan.in

कभी-कभी प्रशासनिक जिम्मेदारियों के बीच ऐसे पल भी आते हैं, जो इंसानियत की गहराई को उजागर कर देते हैं। शहडोल जिले में ऐसा ही एक प्रेरणादायक उदाहरण देखने को मिला, जब कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने अपनी संवेदनशीलता और तत्परता से एक दिव्यांग व्यक्ति के जीवन में नई उम्मीद जगाई। बुढार के इमली टोला निवासी नरेंद्र कुमार जो पैरों से अति दिव्यांग हैं, रोजमर्रा की छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी संघर्ष कर रहे थे। सीमित संसाधनों के चलते उनका जीवन कठिनाइयों से भरा हुआ था, और आवागमन उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुका था।



### कलेक्टर का त्वरित कदम

झूला पुल तिराहे के पास सड़क से गुजरते समय कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की नजर नरेंद्र कुमार पर पड़ी। उन्होंने अपनी गाड़ी तुरंत रुकवाई, नरेंद्र की कुशलक्षेम पूछी और उनकी समस्या को गंभीरता से सुना। नरेंद्र ने अपनी परेशानी बताते हुए ट्राइसाइकिल की मांग की।

### समाजिक न्याय विभाग के माध्यम से तत्काल सहायता

कलेक्टर के निर्देश पर उन्हें कलेक्ट्रेट बुलाया गया और सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से तत्काल नि:शुल्क ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई गई। ट्राइसाइकिल मिलने के बाद नरेंद्र कुमार के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने मध्यप्रदेश सरकार और कलेक्टर का दिल से आभार व्यक्त किया और कहा कि अब उनका जीवन पहले से कहीं अधिक आसान हो जाएगा।

संवेदनशील प्रशासन का संदेश यह घटना केवल प्रशासनिक कार्रवाई नहीं बल्कि यह दिखाती है कि जब संवेदनशीलता और जिम्मेदारी साथ आती हैं तो छोटे प्रयास भी किसी के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की यह पहल समाज के लिए संदेश है कि मानवता और सहानुभूति ही सच्ची सेवा का आधार हैं।

# कुबरा में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

राष्ट्रबाण शहडोल| संवाददाता rashtrabaan.in

ग्राम पंचायत कुबरा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को उनके अधिकारों और शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिविर में ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने, कानूनी सहायता प्राप्त करने और अपने अधिकारों की जानकारी लेने के तरीकों पर विशेष मार्गदर्शन दिया गया। न्यायाधीश शिवलाल केवट ने बताया कि जागरूकता ही सामाजिक समस्याओं के समाधान की पहली सीढ़ी है। अधिवक्ता नरेंद्र शुक्ला ने ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराया और विभिन्न विवादों के निवारण के तरीकों पर प्रकाश डाला। ग्रामीणों ने अपने व्यक्तिगत और सामूहिक समस्याओं को भी साझा किया, जिनका मौके पर समाधान या मार्गदर्शन प्रदान किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और उन्होंने जानकारी प्राप्त कर अपनी जागरूकता बढ़ाई। आयोजन के माध्यम से ग्रामीणों में सामाजिक व कानूनी मुद्दों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने का उद्देश्य सफल रहा। कार्यक्रम में न्यायाधीश शिवलाल केवट, अधिवक्ता नरेंद्र शुक्ला, सरपंच कुबरा और भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष जयसिंहनगर शेषमणि पाल, संतोष तिवारी, बाल गोविंद वेदी, संदीप नारायण त्रिपाठी, रुद्र प्रताप सिंह, धर्मदास पटेल, छोटेलाल साहू उपसरपंच, भईया लाल शुक्ला पेशा एक्ट अध्यक्ष, रामनिरंजन शुक्ला पूर्व जनपद सदस्य, राम भजन जायसवाल सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।



राष्ट्रबाण
सिवनी, गुरुवार 2 अप्रैल 2026

# बालाघाट राष्ट्रबाण

● बैहर ● बिरसा ● कटंगी ● तिरोड़ी ● कटंगी ● खैरलांजी ● किरनापुर ● लालबर्रा ● लांजी ● परसवाड़ा ● वारासिवनी




# किरनापुर जनपद का ये दलाल, वेनेश्वर बिसेन हो गया मालामाल...

राष्ट्रबाण किरनापुर | संवाददाता rashtrabaan.in

सौ दिन का चोर एक दिन भले ही पकड़ मे आए या न आए लेकिन पापों का घड़ा एक दिन भरता जरूर है। और आखिर में अन्त बेहद भयानक और खतरनाक होता है फिर चाहे तैतीस कोटि का जाप करो या तैतीस करोड़ को याद करो कोई काम नहीं आने वाला, सब हाथ खड़े कर देंगे। जिस जमीन से निकला दाना - पानी, खाया पिया है,

कुकर्मों का हिसाब भी उसी जमीन पर देना होगा। मगर इन सब बातों को बालाघाट जिले की जनपद पंचायत किरनापुर कार्यालय का एक अड़ियल मिजाज का अधिकारी सिरे से खारिज करता हैं। उसका परिचय कुछ इस प्रकार से है -- नाम वेनेश्वर बिसेन, पद- खण्ड पंचायत अधिकारी किरनापुर। बेनामी संपत्ति करोड़ों में। काम- अपनी चालबाजी के दम पर पंचायतों से मोटी रकम ऐठना। इसका जन्म सिर्फ भ्रष्टाचार करने के लिए ही हुआ है। जब भी किसी मामले की जांच का नंबर आता है,, ये मात्र उसी पंचायत की जांच करता हैं जिस पंचायत से इसे मन मुताबिक माल (पैसा) नही मिलता। कुछ ईमानदार सरपंच नाम न छापने की शर्त पर बताते हैं कि पंचायत स्तर पर सड़क संबंधित हो या नाली संबंधित हो चाहें किसी भी निर्माण कार्य या विकास कार्य से संबंधित कोई भी कार्य हो इसका कमीशन फिक्स रहता है। अगर इसकी डिमांड पुरी न हो तो यह निर्माण कार्यो में बेवजह की रूकावटे एवं अड़चने पैदा करता हैं, इसलिए मजबूरीवश हमे इसकी पैसों की मांग पुरी करनी पड़ती हैं। इस महा


अपने कारनामों पर हसता हुआ बेशर्म बिसेन...

भ्रष्टाचारी बीपीओ बिसेन ने तो भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिया है, किरनापुर जनपद पंचायत की जनता मोदी सरकार से ये मांग करती हैं कि जितनी जल्दी हो सके किरनापुर खण्ड पंचायत अधिकारी वेनेश्वर बिसेन को राष्ट्रीय पुरस्कार (नेशनल अवार्ड) से सम्मानित किया जाए। यह निर्लज्ज वेनेश्वर बिसेन कुछ भ्रष्टाचारी सरपंचों, सचिवों को आश्वस्त करता है कि %मैं हूं ना% तुम लोगों का कोई बाल - बांका भी नहीं कर सकता। बस मेरा ध्यान रखा करो। इस बेहया बीपीओ बिसेन ने जहां भी कार्य किया है इसकी कार्यप्रणाली हमेशा विवादो के कठघरे में रही हैं। चौक - चौराहों पर चर्चाओं का बाजार गर्म है कि यह बीपीओ बिसेन सरकारी नौकरी करते हुए करोड़ो का मालिक बन गया, इस रसूखजादे के पास ऐशो- आराम के वो सारे संसाधन मौजूद है जो शायद मुख्यमंत्री मोहन यादव के पास भी नहीं होंगे, इसके सर पर बड़े - बड़े नेताओं का हाथ हैं, और इसी वजह से यह बगैर किसी डर के दिल खोल के भ्रष्टाचार के मंसूबों को अंजाम देता हैं। क्यूंकि इसे बचाने के लिए इसके आका ऊपर जो बैठे हैं। यह बीपीओ वेनेश्वर बिसेन वो आदमखोर जानवर बन गया है जिसे नोटों से भूख मिटाने की सनक चढ़ गई हैं। यह किरनापुर विकासखण्ड के लिए अभिशाप बन चुका है। ऐसे महाभ्रष्ट, बेईमान अधिकारी को पद से बर्खास्त करना ही मध्य प्रदेश की जनता के साथ सच्चा न्याय होगा। जब तक बीपीओ बिसेन जैसे घटिया किस्म के अधिकारी फेविकोल की तरह कुर्सी से चिपके रहेंगे, निष्पक्ष जांच की उम्मीद करना खुद को धोखा देने जैसा है। और इसका जीता जागता उदाहरण है कि 2025 में शिकायतकर्ता द्वारा पंचायत में भारी फर्जीवाड़े के मामले की शिकायत की गई मगर आज दिनांक तक जांच को आंच तक नहीं आई। यह गद्दार खण्ड पंचायत अधिकारी वेनेश्वर बिसेन शासन - प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर नियम, कायदों की सरेआम धज्जियां उड़ाकर अपना उल्लू सीधा करने का घिनौना कृत्य कर रहा हैं। इतिहास का सबसे भ्रष्ट बीपीओ है वेनेश्वर बिसेन... इसकी नियत मे भ्रष्टाचार, इसकी सोच में भ्रष्टाचार, इसके दिमाग में भ्रष्टाचार, इसकी नसों में भ्रष्टाचार खून बनकर दौड़ रहा हैं। ऐसे सेटिंगबाज अधिकारी पर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए वरना ये दुशासन बनकर जनपद पंचायत का ऐसे ही चीरहरण करता रहेगा।

# सांदीपनि विद्यालय वारासिवनी में प्रवेश उत्सव का हुआ शुभारंभ

राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in




स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 01 अप्रैल से 04 अप्रैल तक आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत सांदीपनि टिहलीबाई शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय वारासिवनी में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वारासिवनी विधायक श्री विवेक विक्की पटेल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री प्रदीप जायसवाल, एसडीएम श्री कार्तिकेय जायसवाल, डॉ. गीता हनवत, श्री मनोज टेम्भरे, श्रीमती पुष्पा अमूले, श्री किशोर अमूले सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संस्था प्राचार्य श्री हुमराज पटले ने बताया कि चार दिवसीय प्रवेश उत्सव के तहत 1 अप्रैल को नवीन विद्यार्थियों का स्वागत, 2 अप्रैल को ÷भविष्य से भेंट÷, 3 अप्रैल को सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियां तथा 4 अप्रैल को ÷हार के आगे जीत÷ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, यूनिफॉर्म एवं साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में शासन की विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी भी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को दी गई। प्राचार्य श्री पटले ने अपने संबोधन में विद्यालय के विजन, मिशन एवं सांदीपनि की अवधारणा से विद्यार्थियों को अवगत कराया और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने तथा पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया। विधायक श्री विवेक पटेल ने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा करते हुए शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया, वहीं पूर्व मंत्री श्री प्रदीप जायसवाल ने गुरुजनों के सम्मान, खेलकूद एवं सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री के संदेश का सजीव प्रसारण भी विद्यार्थियों को दिखाया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री कमल टेम्भरे द्वारा एवं आभार प्रदर्शन श्री लखन रिनायत द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय स्टाफ, पालकों एवं विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**छिंदवाड़ा।** जनजातीय कार्य विभाग (म.प्र. स्पेशल एंड रेसिडेंशियल एकेडमिक सोसायटी) द्वारा संचालित विशिष्ट आवासीय विद्यालय माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर, बिरसा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 7वीं, 8वीं एवं 9वीं की रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

# प्रस्फुटन समितियों द्वारा जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ

## राहगीरों को मिलेगी राहत



राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in

भीषण गर्मी के बीच आमजन को राहत देने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों ने सराहनीय पहल करते हुए ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ के तहत 'जल मंदिर प्याऊ' का शुभारंभ किया। ÷जल शक्ति से नव भक्ति÷ कार्यक्रम के अंतर्गत शुरू की गई इस पहल से अब राहगीरों को गांव-गांव में ठंडा पेयजल आसानी से उपलब्ध हो सकेगा।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन एवं जिला समन्‍वयक श्री सुशील बर्मन के नेतृत्‍व में भीमोडी, बेनेगांव एवं आवा सहित विभिन्न स्थानों पर प्रमुख मार्गों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में प्याऊ स्थापित किए गए हैं। इन प्याऊ की खास बात यह है कि इन्हें स्थानीय व्यवसायियों के सहयोग से तैयार किया गया है, वहीं उनकी देखरेख और प्रतिदिन पानी भरने की जिम्मेदारी भी दुकानदारों को ही सौंपी गई है, जिससे व्यवस्था निरंतर बनी रहे।

कार्यक्रम के दौरान संतोष नगपुरे, विकासखंड समन्वयक (जन अभियान परिषद) उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि विकासखंड लांजी में इस अभियान को व्यापक रूप दिया जा रहा है और जल्द ही प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्थाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से कुल 45 प्याऊ स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के छोटे-छोटे प्रयास समाज में बड़ी जागरूकता पैदा करते हैं और लोगों को स्वैच्छिक सामाजिक कार्यों से जोड़ते हैं। 'जल मंदिर प्याऊ' की यह पहल न केवल राहगीरों को राहत दे रही है, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और जल संरक्षण का सशक्त संदेश भी दे रही है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खजरी, करवाही और भीमा में जल गुणवत्ता परीक्षण



राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in

जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कटंगी विकासखंड के खजरी, बैहर विकासखंड के करवाही एवं बिरसा विकासखंड अंतर्गत ग्राम भीमा में पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष गतिविधियां आयोजित की गईं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बालाघाट द्वारा स्कूलों एवं आंगनवाड़ियों में फील्ड टेस्टिंग किट (स्नक्कय) के माध्यम से पेयजल स्त्रोतों के जल नमूनों का मौके पर ही परीक्षण किया गया। प्रशिक्षित एफटीके उपयोगकर्ताओं ने जल के प्रमुख मानकों—क्लोरीन, आयरन एवं फ्लोराइड की जांच कर ग्रामीणों को तुरंत जानकारी प्रदान की। अभियान के दौरान सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देते हुए ग्राम के सरपंच, सचिव, शिक्षक, छात्र-छात्राएं, स्व-सहायता समूह की महिलाएं एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जल परीक्षण की प्रक्रिया एवं महत्व के बारे में प्रशिक्षित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि यदि परीक्षण के दौरान किसी जल स्त्रोत का पानी दूषित पाया जाता है, तो संबंधित नमूने को विस्तृत जांच के लिए जिला अथवा विकासखंड स्तरीय प्रयोगशाला में भेजा जाता है, ताकि समय रहते आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही की जा सके। इस प्रकार की गतिविधियों से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल के प्रति जागरूकता बढ़ रही है तथा जल संरक्षण एवं गुणवत्ता सुधार की दिशा में सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं।

# कलेक्टर ने किया जिला कोषालय का निरीक्षण

राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in



कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 01 अप्रैल को जिला कोषालय का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कोषालय के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने स्ट्रांग रूम में रखे गए रिकॉर्ड एवं अभिलेखों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने एवं अनुपयोगी सामग्री का निष्पादन करने के निर्देश दिये। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कोषालय की कार्यालयीन व्यवस्था की जानकारी ली और कार्यालय परिसर में स्‍वच्‍छता पर विशेष ध्‍यान देने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिला कोषालय अधिकारी श्री अमित मेरावी एवं उनका स्टॉफ उपस्थित था।

## कन्या विवाह योजना अंतर्गत 11 अप्रैल को सामूहिक विवाह का आयोजन

**बालाघाट।** नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनान्तर्गत 11 अप्रैल 2026 को सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में अधिकतम 100 जोड़ों को शामिल किया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री बीड़ी कतरोलिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के इच्छुक जोड़ों के लिए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 7 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि से पूर्व योजना शाखा, नगर पालिका परिषद बालाघाट में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

# पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैहर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रवेश उत्सव

राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in



पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैहर में नए शिक्षा सत्र 2026-27 के शुभारंभ के अवसर पर 01 अप्रैल को प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, पालकगण, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्राओं की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत नवप्रवेशित छात्राओं के तिलक वंदन के साथ हुई, जिससे उन्हें आत्मीय स्वागत का अनुभव मिला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री सुरेन्द्र गुड्डा मरकाम एवं नगर परिषद बैहर की पार्षद सुश्री कीर्ति शुक्ला ने कक्षा 6वीं, 7वीं, 8वीं, 9वीं एवं 11वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। विद्यालय में नवप्रवेश लेने वाली सभी छात्राओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया, जिससे उनकी शिक्षा यात्रा की सशक्त शुरुआत सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर वातावरण को आनंदमय बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री एन.सी. पटले सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्राएं एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं प्राचार्य श्री पटले ने नवप्रवेशी छात्राओं का स्वागत करते हुए उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने, अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने तथा विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

## सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में जिला स्तरीय प्रवेशोत्सतव का हुआ आयोजन

# 1 अप्रैल से शालाओं में नए शैक्षणिक सत्र का हुआ शुभारंभ

राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in



01 अप्रैल 2026 से बालाघाट जिले की शालाओं में भी नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ हो गया है। इस अवसर पर जिले की सभी शालाओं में प्रवेशोत्सटव मनाया गया और नवप्रवेशी बच्चोंण का तिलक लगाकर और पुष्पिवर्षा कर स्वा गत किया गया। इस अवसर पर बच्चों को निऱ्शुल्क पाठ्य पुस्‍तकों का वितरण किया गया और कक्षा 06 वी एवं 09 वीं में प्रवेश करने करने वाले छात्र-छात्राओं को साईकिल का वितरण किया गया। जिला मुख्यालय बालाघाट में शाला प्रवेशोत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कलेक्टर श्री मृणाल मीना, पिछड़ा वर्ग आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन, नगर पालिका बालाघाट की अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी कुमार उपाध्याय, सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक श्री जी पी बर्मन, सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य डॉ युवराज रहांगडाले, डाईट के प्राचार्य श्री मलगाम, शाला में प्रवेश करने वाले बच्चे, उनके अभिभावक एवं शिक्षक शिक्षिकायें उपस्थित थी। सांदीपनि विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शाला प्रवेशोत्सव के भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संबोधन को सुना गया। सांदीपनि विद्यालय में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं बच्चों के अभिभावकों को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने बेहद प्रेरणादायक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शाला में पहली बार प्रवेश लेना हर बच्चे और उसके परिवार के लिए जीवन का एक विशेष और यादगार क्षण होता है। यह केवल एक औपचारिक शुरुआत नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कार और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ने का पहला कदम है। उन्होंने नवप्रवेशी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन उनकी शिक्षा यात्रा के शुभारंभ का प्रतीक है। उन्होंने सभी बच्चों से कहा कि वे पूरे मन से पढ़ाई करें, अपने सपनों को पहचानें और हर परीक्षा में सफलता प्राप्त करने का लक्ष्य रखें।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गांवों में जल गुणवत्ता परीक्षण व स्वच्छता गतिविधियां आयोजित

राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in

जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 01 अप्रैल 2026 को बालाघाट विकासखंड के ग्राम चिचगांव,किरनापुर विकासखंड के ग्राम देवगांव एवं वारासिवनी विकासखंड के ग्राम कटंगटोला में विभिन्न जनजागरूकता एवं तकनीकी गतिविधियां आयोजित की गईं। इन गतिविधियों का उद्देश्य पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करना एवं ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा।

अभियान के तहत स्कूलों एवं आंगनवाड़ियों में फील्ड टेस्टिंग किट (स्नक्कय) के माध्यम से पेयजल स्त्रोतों के नमूनों की मौके पर ही जांच की गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मार्गदर्शन में प्रशिक्षित एफटीके उपयोगकर्ताओं द्वारा जल के प्रमुख मानकों—क्लोरीन, आयरन एवं फ्लोराइड की जांच कर परिणामों की जानकारी तत्काल दी गई। इस दौरान सामुदायिक भागीदारी को भी विशेष महत्व दिया गया। ग्राम के सरपंच, सचिव, शिक्षक, छात्र-छात्राएं, स्व-सहायता समूह की महिलाएं एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जल परीक्षण एवं उसके महत्व के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अधिकारियों ने बताया कि यदि किसी जल नमूने में गुणवत्ता संबंधी कमी पाई जाती है, तो उसे विस्तृत परीक्षण के लिए जिला अथवा विकासखंड स्तर की प्रयोगशाला में भेजा जाता है, जिससे शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही गांवों में जल स्त्रोतों के आसपास साफ-सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें ग्रामीणों, शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं महिला समूहों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। ग्राम कटंगटोला में पाइपलाइन लीकेज सुधारने का कार्य भी किया गया, जिससे जल अपव्यय को रोका जा सके। वहीं वारासिवनी उपखंड कार्यालय में पंप चालकों को एफटीके के उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया।

राष्ट्रबाण
सिवनी, गुरुवार 2 अप्रैल 2026

# सिवनी राष्ट्रबाण

● बरघाट ● छपारा ● धनोरा ● घंसौर ● केवलारी ● कुरई ● लखनादौन ● सिवनी ग्रामीण

# सिंडीकेट में मची रार

## पूर्व विधायक के खास की दावेदारी पर अपनों ने ही फेरा पानी

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in



वर्तमान मे जहां भारतीय जनता पार्टी संगठन मे विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठों मे जिला प्रमुखों की नियुक्तियों को लेकर सरगर्मी तेज है वहीं जिले की राजनीति में अपनी ही पार्टी के भीतर समांतर संगठन चलाने वाला सिंडीकेट अब अंतर्कलह की आग में झुलस रहा है। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पद को लेकर सिंडीकेट की हुई हालिया बैठक ने गुटबाजी को चौराहे पर लाकर खड़ा कर दिया है। स्थिति यह है कि पूर्व विधायक के कट्टर समर्थक माने जाने वाले दावेदार का विरोध अब बाहरी नहीं, बल्कि सिंडीकेट के अंदर बैठे ठेकेदारों ने ही शुरू कर दिया है। सूत्रों के अनुसार नगर के सर्किट हाउस में सिंडीकेट की एक गुप्त बैठक आयोजित की गई थी।

जिसका मुख्य एजेंडा था किसान मोर्चा के अध्यक्ष पद पर अपने किसी मोहरे को फिट करना, ताकि संगठन में सिंडीकेट का वजूद बना रहे। उक्त बैठक मे जब पूर्व विधायक ने अपने करीबी और पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष के नाम का प्रस्ताव रखा तो बैठक का माहौल गरमा गया। जिसमे हाल ही कांग्रेस से भाजपा मे आए और एक भाजपा के ही ठेकेदारों ने इस नाम पर वीटो लगा दिया। विरोध का कारण नीतिगत नहीं, बल्कि अहंकार बताया गया। विरोधियों का तर्क था कि जो व्यक्ति सीनियरों का सम्मान नहीं करता और राम-राम तक नहीं कहता, उसे कमान क्यों सौंपी जाए। बस क्या था बैठक में विवाद इतना बढ़ा कि पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने तैश में आकर अपने ही आका को आईना दिखा दिया। चर्चा है कि उन्होंने यहां तक कह दिया कि इनकी जी-हजूरी करने से बेहतर है कि मै पंडित दीनदयाल उपाध्याय के मूल सिद्धांतों पर कार्य करुं। इसके साथ ही तीखी नोकझोंक के बीच उन्होंने सिंडीकेट की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए घोषणा कर दी कि वे अब पंडित दीनदयाल उपाध्याय के मूल सिद्धांतों और संगठन के मार्गदर्शन में ही कार्य करेंगे।

आखिर अब सवाल उठते है कि जैसे पुराने वफादारों और कांग्रेस से आए नए चेहरे के बीच तालमेल का अभाव, जिला संगठन की मुख्य नियुक्तियों से बाहर होने के बाद मोर्चों पर कब्जा करने की छटपटाहट एवं सिंडीकेट मे अपनों के ही बीच पूर्व विधायक की घटती साख सवालों के घेरे मे है? राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि नवीन पदाधिकारियों की नियुक्ति के पश्चात भाजपा अब सिंडीकेट रूपी गंदगी से खुद को पाक करने की कोशिश में है। ऐसे में किसान मोर्चा की यह रार सिंडीकेट के पतन की शुरुआत मानी जा रही है।

अब देखना दिलचस्प होगा कि सिद्धांतों की याद आने के बाद पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष वास्तव में मुख्यधारा की ओर लौटते हैं या यह महज एक दबाव बनाने की राजनीति है।

# खेल के मैदान में जी–हुजूरी का खेल!

## जब गुरु बने दरबारी और अधिकारी बने महाराज

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in



जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग इन दिनों खेल प्रतिभाओं को निखारने के बजाय चाटुकारिता के नए कीर्तिमान गढ़ने में मशगूल है। जिले के विभागीय कोच, जिन्हें मैदान पर खिलाड़ियों का भविष्य संवारना था, वे अब सरकारी कर्मचारी नेता और अधिकारियों की अगवानी में पलक-पावड़े बिछाते नज़र आ रहे हैं। खेल अधिकारी के इस अनोखे दरबार और स्वागत-सत्कार की परंपरा ने खेल जगत में चर्चाओं का बाज़ार गर्म कर दिया है।

### सीटी की जगह बज रही है तालियाँ!

हैरानी की बात यह है कि जिन हाथों में खेल की रणनीति और अनुशासन होना चाहिए, वे हाथ अब नेताओं की आरती उतारने और गुलदस्ते भेंट करने में व्यस्त हैं। विभागीय कोचों का यह स्वागत अवतार देखकर खेल प्रेमी दंग हैं। अनुशासन का पाठ पढ़ाने वाले खुद प्रशासनिक अनुशासन की धज्जियाँ उड़ाते दिख रहे हैं।

### अधिकारी का नया नियम : काम हो न हो, स्वागत भव्य हो

सूत्रों की मानें तो खेल विभाग में अब प्रदर्शन से ज्यादा उपस्थिति और आवभगत के अंक जुड़ रहे हैं। खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी के मार्गदर्शन में चल रही इस नई स्वागत नीति ने खिलाड़ियों को हाशिए पर धकेल दिया है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या खेल विभाग का बजट खिलाड़ियों की डाइट के लिए है या विभाग के रसूखदारों के स्वागत–सत्कार और माला–फूल के लिए? विभागीय गलियारों में तीखी चर्चाएँ यह है कि कोच मैदान पर पसीना बहाने के बजाय दफ्तरों में नेताओं की जी–हुजूरी करते क्यों दिख रहे हैं?

### नियमों की बलि

क्या एक सरकारी कर्मचारी को इस तरह खुलेआम राजनीतिक या कर्मचारी नेताओं के स्वागत में तैनात करना नियमों के दायरे में आता है? जब गुरु ही दरबारी बन जाए, तो शिष्य (खिलाड़ी) पदक की उम्मीद किससे करें? वही जिला खेल विभाग को यह समझने की ज़रूरत है कि खेल मैदानों में खिलाड़ियों का पसीना महकना चाहिए, नेताओं के इत्र की खुशबू नहीं। यदि कोचों का उपयोग रिसेप्शनिस्ट के तौर पर ही करना है, तो खेल विभाग का नाम बदलकर स्वागत–सत्कार विभाग रख देना ही बेहतर होगा।

# गौरव सिंह पारधी ने विकसित भारत 2047 के संकल्प को किया साझा

राष्ट्रबाण कटंगी| संवाददाता rashtrabaan.in



कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन इंडिया रीजन-6 के तत्वावधान में आयोजित तीन राज्यों के युवा विधायक सम्मेलन में मध्य प्रदेश के युवा जनप्रतिनिधि गौरव सिंह पारधी ने शिरकत की। सम्मेलन के दौरान उन्होंने लोकतंत्र के सुदृढ़ीकरण और शासन में नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

### नवाचार और समाधान पर जोर

सम्मेलन के दौरान यह बात उभर कर आई कि राजनीति में नए इन्नोवेशन और समस्याओं के प्रभावी सॉल्यूशन लाना ही आज के युवा विधायकों की असली जिम्मेदारी है। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों के युवा विधायकों ने भी अपने विचार साझा किए।

### प्रमुख बिंदु

**विकसित भारत 2047 का संकल्प** : गौरव सिंह पारधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को दोहराते हुए कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए युवाओं को नवाचार और तकनीक आधारित दृष्टिकोण अपनाना होगा।

**युवाओं की सक्रिय भागीदारी** : उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि युवा जनप्रतिनिधि केवल देश का भविष्य ही नहीं, बल्कि वर्तमान की निर्णय प्रक्रिया के सक्रिय भागीदार भी हैं।

**स्वामी विवेकानंद का संदेश** : अपने संबोधन में उन्होंने स्वामी विवेकानंद के मंत्र उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको का आह्वान करते हुए युवा विधायकों को जनहित में निरंतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

**विकास के चार स्तंभ** : उन्होंने बताया कि मजबूत बुनियादी ढांचा, तकनीक, नवाचार और जनहित को केंद्र में रखकर ही विकास के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है।

# नेशनल हाईवे पर मौत का तांडव

## यात्री बस और कंटेनर की भीषण भिड़ंत, मची चीख–पुकार

राष्ट्रबाण लालबर्रा| संवाददाता rashtrabaan.in

सिवनी जिले में नेशनल हाईवे पर एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला है। मंगलवार को एक तेज रफ्तार यात्री बस और भारी भरकम कंटेनर के बीच हुई सीधी भिड़ंत ने हाईवे को थर्रा कर रख दिया। इस दर्दनाक हादसे में बस का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया है, जिससे मौके पर हृदयविदारक स्थिति निर्मित हो गई।

### रफ्तार बनी काल : कैसे हुआ हादसा?

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुर्घटना उस समय हुई जब एक निजी यात्री बस सिवनी से नागपुर की ओर जा रही थी। चश्मदीदों का कहना है कि बस की गति अत्यधिक थी। नेशनल हाईवे पर सामने चल रहे कंटेनर को बस चालक भांप नहीं पाया और अनियंत्रित होकर बस सीधे कंटेनर के पिछले हिस्से में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लोहे की चादरों से बनी बस कागज की तरह पिचक गई।

### मौके का खौफनाक मंजर

भिड़ंत के बाद हाईवे पर कोहराम मच गया। बस के अंदर सवार यात्रियों में चीख–पुकार मच गई। टक्कर के कारण बस का केबिन और आगे की सीटें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे कुछ यात्री मलबे में ही फंस गए। राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। यह मामला मंगलवार को हुआ जिसमें बस का अगला हिस्सा पूरी तरह से खत्म, केबिन मलबे में तब्दील। जिसमें पुलिस और एम्बुलेंस की मदद से घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुँचाया गया। सूचना मिलते ही हाईवे पेट्रोलिंग टीम और स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुँचा। गैस कटर और अन्य उपकरणों की मदद से बस के क्षतिग्रस्त हिस्से को काटकर फंसे हुए लोगों को बाहर निकालने के प्रयास किए गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है, जहाँ कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**हाईवे पर सुरक्षा के गिरते मापदंड** : इस हादसे ने एक बार फिर नेशनल हाईवे पर वाहनों की बेलगाम रफ्तार और सुरक्षा नियमों की अनदेखी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि भारी वाहनों की पार्किंग और ओवरस्पीडिंग इस रूट पर रोज की बात हो गई है, जिससे आए दिन बेकसूर लोग अपनी जान गंवा रहे हैं।

# गैस सिलेंडर की हो रही है होम डिलेवरी : एजेंसी संचालक

## फिजा भारत गैस एजेंसी लालबर्रा के संचालक व मेनेजर ने उपभोक्ताओं को झूठी अफवाहों पर ध्यान न देने एवं सिलेंडर गैस के लिए घर बैठे बुकिंग करने कि अपील की



राष्ट्रबाण लालबर्रा| संवाददाता rashtrabaan.in

फिजा भारत गैस एजेंसी लालबर्रा के पास ~~स्टाक~~ सिलेंडर गैस पर्याप्त मात्रा में स्टाक है। फिजा भारत गैस एजेंसी लालबर्रा के संचालक जमील खान व मैनेजर मिथुन बोरकर ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि लालबर्रा नगर सहित क्षेत्र के अनेकों गांवों के सम्माननीय उपभोक्ता सिलेंडर गैस टंकी लेने के लिए चिंता न करें व परेशान न होंवे। एलपीजी सिलेंडर गैस, एजेंसी में गोदाम में कम मात्रा में है या खत्म हो गई है। आगामी समय में नहीं मिलेगी, या बहुत कठिनाई से मिलेगी, इस प्रकार की झूठी चर्चाओं व अफवाहों पर बिल्कुल भी सिलेंडर गैस उपयोग करने वाले उपभोक्ता ध्यान न दें और एलपीजी सिलेंडर गैस टंकी लेने के लिए अपने घर से ही रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर से बुकिंग करें और अपने घर पर ही रहें। फिजा भारत गैस एजेंसी लालबर्रा के संचालक व मेनेजर अपने सिलेंडर गैस उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अपनी एजेंसी के कर्मचारियों द्वारा आपके नगर वार्ड व गांव- गांव में गाड़ियों में सिलेंडर गैस टंकी भिजवाकर होम डिलीवरी करवाई जा रही है। गैस टंकी लेने के बाद उपभोक्ता को गैस एजेंसी के कर्मचारी या होम डिलीवरी करने वाले कर्मचारी को आपके मोबाईल फोन पर भेजे गए 6 अंकों का डिलीवरी कोड बताना होगा, इसके बाद ही डिलीवरी कंफर्म होगी।

एजेंसी संचालक व मेनेजर ने क्षेत्र भर के उपभोक्ताओं से अपील की है कि फिजा भारत गैस एजेंसी लालबर्रा में अनावश्यक पहुंचकर भीड़ न बढ़ायें और अपने आप को परेशान न करें।

# नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक संपन्न, आवास योजनाओं एवं स्वच्छता तैयारियों पर कलेक्टर ने दिए निर्देश

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (नगरीय) के अंतर्गत निकायवार लक्ष्य के विरुद्ध पूर्ण आवासों एवं लंबित कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती पटले ने प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत प्राप्त आवेदनों, उनके निराकरण, पात्र-अपात्र हितग्राहियों की स्थिति तथा प्रथम किस्त वितरण की जानकारी लेकर कार्य प्रारंभ की प्रगति जानी। उन्होंने निरस्त प्रकरणों के कारणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का पुनः परीक्षण कर किसी भी पात्र हितग्राही को योजना के लाभ से वंचित न रखा जाए। बैठक में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत नवीन लक्ष्य के अनुरूप पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही निकायवार राजस्व वसूली की स्थिति की समीक्षा कर लक्ष्य अनुरूप वसूली सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 की तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्रीमती पटले ने विस्तृत समीक्षा करते हुए शासन के निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने जोनल अधिकारियों की नियुक्ति कर प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। निकायवार प्रस्तावित विकास कार्यों के अंतर्गत भूमि आवंटन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती पटले ने निर्देशित किया कि सभी प्रस्तावों के लिए समय सीमा में ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किए जाएं। साथ ही आवेदन से पूर्व भूमि की उपलब्धता और भूमि मद का परीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण हो सके। बैठक में लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट परियोजना, अमृत योजना सहित अन्य विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती पटले ने फायर फाइटिंग व्यवस्था की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि निकायवार फायर फाइटर की उपलब्धता और उनके संचालन की स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यकता अनुरूप टैंकरों में पंप लगाकर आपात स्थिति में उपयोग की तैयारी रखने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम श्रीमती पूर्वी तिवारी सहित नगरीय निकाय सिवनी, बरघाट, लखनादौन, छपारा एवं केवलारी के सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कृषि एवं संबद्ध विभागों की संयुक्त समीक्षा बैठक सम्पन्न

## प्राकृतिक खेती, तकनीकी नवाचार तथा नरवाई प्रबंधन पर जोर

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in



कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि एवं संबद्ध विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह के साथ ही कृषि, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी, उद्यानिकी, विपणन, कृषि अभियांत्रिकी एवं एम.पी. एग्रो सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत में कलेक्टर श्रीमती पटले ने आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने फसल विविधिकरण एवं बहु फसली कृषि पद्धति को बढ़ावा देने के साथ ही फसलों में यूरिया उर्वरक के सीमित उपयोग पर जोर दिया। साथ ही प्राकृतिक एवं जैविक खेती को अधिक रकबे में अपनाने हेतु मैदानी स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने उर्वरक वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि ई-विकास प्रणाली के वितरण पूर्णतः ऑनलाइन किया जाए, जिससे पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर श्रीमती पटले ने किसानों तक उन्नत बीजों की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि गुणवत्तायुक्त बीज समय पर उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही उद्यानिकी एवं नगदी फसलों के के निर्देश दिए गए, ताकि किसानों को नई फसलों के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। उद्यानिकी विभाग को हल्दी एवं सूरन फसल के विस्तार के साथ-साथ शहरी उद्यानिकी को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए। मत्स्य पालन विभाग को जल गंगा संवर्धन योजना अंतर्गत तालाबों में क्लस्टर आधारित मत्स्य पालन को बढ़ावा देने, झींगा मछली उत्पादन बढ़ाने तथा एजोला उत्पादन को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए।नरवाई प्रबंधन के संबंध में कलेक्टर श्रीमती पटले ने कृषि अभियांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए कि सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, स्ट्रा रिपर जैसे आधुनिक कृषि यंत्रों की जिले में पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा इनके उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। सिंचाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देशित किया कि नहरों से जुड़े क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ सूक्ष्म सिंचाई (ड्रिप) पद्धति को बढ़ावा दिया जाए तथा इसके लक्ष्यों में वृद्धि की जाए, जिससे जल संरक्षण एवं उत्पादन में वृद्धि संभव हो सके।







स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक* संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433